# Munger University, Munger (Bihar)

{Estd in 2018 under Bihar State University (Amendment) Act.2016 (Bihar Act-1/2017)}

Administrative Block, Shastrinagar, Munger-811201

पत्रांक :– MU/DSW/21/2026/163/2026. दिनांक :– 22/08/2026.

## सूचना:2026

स्नातक सत्र 2026-30 (सेमेस्टर-I) के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि चार-वर्षीय स्नातक सी० बी० सी० एस० (CBCS) में ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र भरने की तिथि 31/08/2026 से 05/09/2026 तक निर्धारित की जाती है।

नामांकन केवल मेजर विषय के आधार पर हुआ है, इसलिए छात्रों को पंजीयन के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा ही जारी की गयी निर्देशिका के अनुरूप ही नियमानुसार अन्य विषयों जैसे माइनर (MIC-I), मल्टीडिसिप्लिनरी (MDC-I), एबिलिटी एन्हांसमेंट, AEC-I में MIL हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू में से किसी एक विषय का चयन करना होगा एवं स्किल एन्हांसमेंट (SEC-I में Advance Spread Sheet Tools या Communication in Everyday Life) में से कोई एक विषय का चयन करना होगा, वैल्यू ऐडेड कोर्स (VAC-I में Ethics and Culture या Swachh Bharat) में से कोई एक विषय का चयन करना होगा। छात्र नामांकन पोर्टल से अपने भरे हुए फॉर्म की प्रिंट प्रति निकालकर, आवश्यक सभी शैक्षणिक कागजात एवं मूल CLC व माइग्रेशन संलग्न कर (यदि नामांकन के समय जमा नहीं किया गया हो) संबंधित महाविद्यालय में भौतिक सत्यापन कराएँगे और तत्पश्चात ₹ 600/- का ऑनलाइन भुगतान कर रसीद प्राप्त करेंगे।

**नोटः-** सभी अंगीभूत, राजकीय डिग्री एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य /प्रभारी प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि वि0.वि0 द्वारा दी गयी निर्देशिका के अनुसार छात्र/छात्राओं का विषय चयन को ध्यान में रखते हुए सभी छात्र-छात्राओं के चयनित विषयों (MIC-I, MDC-I, AEC-I, MIL-I,SEC-I, VAC-I,) की गहन जाँच करवाकर एवं पंजीयन प्रपत्र सत्यापन करवाने के लिए अपने महाविद्यालय स्तर पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार,**

ह०/-

**अधिष्ठाता, छात्र कल्याण**

**मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर**

ज्ञापांक:- MU/DSW/21/2026/163/2026. दिनांक:- 22/08/2026.

**प्रतिलिपि प्रेषित:-**

1. प्रधानाचार्य /प्रभारी प्रधानाचार्य सभी अंगीभूत, राजकीय डिग्री एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
2. माननीय कुलपति के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
4. परीक्षा नियंत्रक / कुलानुशासक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
5. नोडल पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
6. जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
7. सहायक, यू० एम० आई० एस०।
8. वेबमास्टर, विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

22.08.2026

**अधिष्ठाता, छात्र कल्याण**

**मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर**

22/08/2026

Nitesh Kumar

MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

# Munger University, Munger (Bihar)

{Estd in 2018 under Bihar State University (Amendment) Act.2016 (Bihar Act-1/2017)}

Administrative Block, Shastrinagar, Munger-811201

पत्रांक :- MU/DSW/22/2026/179/26 दिनांक 21/08/26

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य,
सभी अंगीभूत/राजकीय डिग्री एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

**विषयः— सेमेस्टर — I,सत्र— 2026—30 में पंजीयन प्रपत्र भरवाने के संबंध में ।**

## पंजीयन निर्देशिका (Guideline for Registration)

1.चारवर्षीय स्नातक सी० बी० सी० एस० सत्र में नामांकन सिर्फ मेजर सब्जेक्ट के आधार पर लिया गया है। अतः इसमें पंजीयन के लिए अन्य विषयों के चयन की आवश्यकता होगी। छात्रों को निम्नांकित विषयों का चयन करना होगा।

**I. माइनर सब्जेक्ट (Minor Subject MIC-I):-** इसमें छात्र ने जिस संकाय में मेजर सब्जेक्ट चुना है उसी संकाय से चुने गए मेजर सब्जेक्ट से भिन्न एक विषय का चयन करेंगे। उदाहरण के लिए यदि किसी छात्र ने मानविकी संकाय (Humanities) में इंग्लिश को मेजर सब्जेक्ट में चुना है तो वह मानविकी संकाय से ही हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पाली, बंगाली, दर्शनशास्त्र, संगीत आदि में से एक विषय माइनर सब्जेक्ट के रूप में चुनेगा। इस विषय के चयन के लिए संबंधित महाविद्यालय में उस विषय की उपलब्धता जरूरी है। मानविकी संकाय में भाषा वाले छात्रों के लिए दर्शनशास्त्र विषय का चयन उचित होगा क्योंकि उन्हें मेजर विषय के अलावा एम आई एल में भी भाषा ही पढ़ना है।

**II. मल्टीडिसीप्लिनरी सब्जेक्ट (Multidisciplinary Subject: MDC-I):-** इसमें छात्र ने जिस संकाय से मेजर सब्जेक्ट चुना है उससे भिन्न संकाय से एक विषय चुनेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी छात्र ने सामाजिक विज्ञान संकाय से मेजर सब्जेक्ट का चुनाव किया है तो वह मानविकी अथवा वाणिज्य संकाय से सब्जेक्ट का चुनाव करेगा। संबंधित महाविद्यालय में उस विषय की उपलब्धता जरूरी होगी।

**III. एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स (Ability Enhancement Course AEC-I):-** प्रत्येक छात्र को इस विषय के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में MIL-Hindi, English, Urdu में से कोई एक विषय का चयन करना होगा।

Nitesh Kumar

C 99

**IV. स्किल एनहांसमेंट कोर्स (Skill Enhancement Course SEC-I):-** इसके अंतर्गत मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा दो विषयों का निर्धारण किया गया है। ये विषय हैं:-

A. एडवांस्डस्प्रेडशीट टूल और (Advance Spread Sheet Tools)

B. कम्युनिकेशन इन एवरी डे लाइफ (Communication in Everyday Life)

प्रत्येक छात्र को प्रथम सेमेस्टर में इनमें से एक विषय का चयन करना होगा।

**1. वैल्यू ऐडेड कोर्स (Value Added Course VAC-I):** इसके अंतर्गत मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा दो विषयों का निर्धारण किया गया है:-

A. एथिक्स एण्ड कल्चर (Ethics and Culture) तथा

B. स्वच्छ भारत (Swachh Bharat)

प्रत्येक छात्र को प्रथम सेमेस्टर में इनमें से एक विषय का चयन करना होगा।

2. छात्र नामांकन पोर्टल पर इन विषयों का चयन करते हुए इस फॉर्म की 1 प्रिंट-आउट लेंगे। इसमें आवश्यक कागजात संलग्न करते हुए संबंधित महाविद्यालय में इसका सत्यापन कराएंगे। सत्यापन के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि छात्र का ओरिजिनल महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र अथवा माइग्रेशन प्रमाण अथवा दोनों जमा करा लिया गया है।

3.महाविद्यालय से सत्यापन के उपरांत छात्र रू0 600/- का ऑनलाइन भुगतान कर इसकी रसीद प्राप्त करेंगे।

**4.पंजीयन के समय जमा किए जाने वाले दस्तावेज:-**

I. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट,

II. मैट्रिक / 10वीं का प्रवेश-पत्र,

III. इंटर / +2 का अंक-पत्र, प्रवेश-पत्र,

IV. महाविद्यालय / विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र की मूल प्रति (यदि नामांकन के समय नहीं जमा किया हो)

V. माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूल प्रति (यदि नामांकन के समय नहीं जमा किया हो)

VI. रंगीन फोटो- 02

**नोटः— सभी अंगीभूत/राजकीय डिग्री एवं संबंद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य से आग्रह है कि सभी छात्र/छात्राओं के चयनित विषयों** (MIC-I,MDC-I,AEC-I,SEC-I,VAC-I) **की जाँच कर पंजीयन प्रपत्र भरवाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाय।**

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

(signature) 21.08.2026

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

Niraj 21/08/26